देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन में 'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच– भीष्म का शुभारंभ किया।
- औली में राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता और विंटर कार्निवल शुरू। सेना और आईटीबीपी के अलावा विभिन्न राज्यों की 17 टीमें ले रहीं भाग।
- अल्मोड़ा में तीन दिवसीय 21वें विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों का राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन।
- पिथौरागढ़ जिले के राजकीय पौधालय भट्यूड़ा में परसीमॉन फल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पौधों का रोपण किया जा रहा है।

............

**भीश्म भाुभारंभ**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन में 'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच– भीष्म का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भीष्म का 'लोगो' और वेबसाइट का अनावरण भी किया। भीष्म एक रणनीतिक थिंक टैंक है, जो देहरादून में स्थित बौद्धिक संसाधनों को एकत्रित कर उत्तराखण्ड राज्य को देश में रणनीतिक चिंतन के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देहरादून में 'भीष्म' थिंक टैंक की शुरुआत उत्तराखण्ड और पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह मंच राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चिंतन के क्षेत्र में एक प्रभावशाली थिंक टैंक के रूप में स्थापित होगा। शुभारंभ अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने "फ्रंटियर्स, बॉर्डर्स एंड एलएसी: द मिडिल सेक्टर" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विशेष रूप से मध्य सेक्टर में हिमालयी सीमाओं के बढ़ते महत्व और सरकार द्वारा अवसंरचना विकास पर दिए जा रहे विशेष बल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि चेतना, संस्कृति और सभ्यता का जीवंत केंद्र है। इसी संदर्भ में 'भीष्म' जैसे एक रणनीतिक थिंक टैंक के लिए उत्तराखण्ड अत्यंत उपयुक्त स्थल है।

**राश्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता**

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आज चमोली जिले के औली में चार दिवसीय राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता और विंटर कार्निवल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औली को शीतकालीन खेलों का हब बनाने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है।

वहीं, आज महिलाओं की जॉइंट सलालम प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 19 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की महिलाएं प्रथम तीन स्थान पर रहीं, जबकि उत्तराखंड की महिलाओं ने चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सेना और आईटीबीपी के अलावा विभिन्न राज्यों की

17 टीमों के 235 से ज्यादा खिलाड़ी अल्पाइन स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग सहित अलग–अलग स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

## सम्मान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की बेटी और अंतरराष्ट्रीय महिला बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए आज देहरादून में सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभा थपलियाल की उपलब्धियों को उत्तराखंड की मातृशक्ति के गौरव तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की सफलता से प्रदेश, विशेषकर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली बेटियों को खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। गौरतलब है कि 43 वर्षीय प्रतिभा थपलियाल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

## राश्ट्रीय सम्मेलन

मानस खंड विज्ञान केंद्र, अल्मोड़ा में आज से तीन दिवसीय 21वें राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मेलन का वर्चुअल शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा किऐसे आयोजन युवाओं में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने व नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि पहली बार उत्तराखंड में हो रहा यह राष्ट्रीय सम्मेलन सबके लिए गर्व का विषय है।

उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने कहा कि सम्मेलन में विज्ञान केंद्रो के भविष्य पर चर्चा की जाएगी।

सम्मेलन में देशभर के विज्ञान संग्रहालय प्रमुख, विज्ञान केंद्रो के प्रभारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक और नीति निर्धारक भाग ले रहे हैं।

## परसीमॉन रोपण

बागवानी मिशन योजना के तहत पिथौरागढ़ जिले के राजकीय पौधालय भट्यूड़ा में परसीमॉन फल उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परसीमॉन पौधों का रोपण कार्य शुरू किया गया है। प्रारंभिक चरण में लगभग 10 नाली क्षेत्रफल में इस फल के पौधे लगाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि इस फल का बाजार मूल्य अच्छा है, जिससे किसानों को बेहतर आय प्राप्त हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए भविष्य में जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इसके पौधों का विस्तार किया जाएगा।

मुख्य उद्यान अधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि परसीमॉन फल काकू की उन्नत किस्म है, जो स्वादिष्ट होने के साथ ही अनेक पोषक तत्वों से भरपूर है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसानों को इसके पौधे उपलब्ध कराना विभाग का लक्ष्य है।

**आर्थिक सहयोग**

देहरादून निवासी सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरीश चंद्र जोशी ने ''मुख्यमंत्री राहत कोष'' में 10 लाख रुपये की धनराशि दान की है। उन्होंने आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर चैक सौंपा। यह सहयोग प्रदेश में पूर्व में आई दैवीय आपदाओं के दौरान राहत–बचाव कार्यों और आपदा से प्रभावित गरीब व वंचित बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका में सहायता के उद्देश्य से दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अनुभवी सैन्य अधिकारी होने के नाते ब्रिगेडियर जोशी की यह पहल राज्य और समाज के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा समाज के अन्य लोगों को भी सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित करती है।